सान्ध्य हिन्दी दैनिक

जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष - 03 | अंक - 85 | जौनपुर, शुक्रवार, 15 नवम्बर 2024 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज - 4 | मूल्य - 2 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### विमान में बम की सूचना पर मचा हड़कंप

एजेंसी

रायपुर। छत्तीसगढ़ के रायपुर में स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर गुरुवार को नागपुर से कोलकाता जा रहे एक विमान में बम की सूचना मिलने के बाद विमान की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी ।खबरों के अनुसार, विमान में बम होनने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा कारणों से रायपुर एयरपोर्ट पर उसकी इमरजेंसी लैंडिंग करने का निर्णय लिया गयायात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और विमान को तुरंत खाली करवा लिया गया। विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं, इस घटना के बाद रायपुर एयरपोर्ट पर कुछ समय के लिए उड़ानें प्रभावित हुईं। सुरक्षा को लेकर विमान की जांच जारी है।

### आप विधायक अमानतुल्लाह खान को बड़ी राहत–कोर्ट ने दी जमानत

एजेंसी

नई दिल्ली ।अदालत ने दिल्ली वक्फ बोर्ड मामले में एजेंसी द्वारा उनकी हिरासत को अवैध करार दिया। खान के खिलाफ दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लेने से इनकार करते हुए, अदालत ने यह भी कहा कि हालांकि उनके खिलाफ कार्रवाई को आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त सामग्री है, लेकिन आरोपपत्र में अपेक्षित मंजूरी नहीं है ।प्रवर्तन निदेशालय को बड़ा झटका



देते हुए, दिल्ली की राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आप) विधायक अमानतुल्लाह खान को 1 लाख रुपये के जमानत बांड और एक मुचलके पर रिहा करने का आदेश दिया। इसके अलावा, अदालत ने दिल्ली वक्फ बोर्ड मामले में एजेंसी द्वारा उनकी हिरासत को अवैध करार दिया। खान के खिलाफ दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लेने से इनकार करते हुए, अदालत ने यह भी कहा कि हालांकि उनके खिलाफ कार्रवाई को आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त सामग्री है, लेकिन आरोपपत्र में अपेक्षित मंजूरी नहीं है।

यह तब हुआ जब अदालत ने खान के मामले में आरोपपत्र पर संज्ञान लिया जाए या नहीं, इस पर अपना आदेश सुनाया। विशेष न्यायाधीश जितेंद्र सिंह ने बुधवार को ईडी की दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था, जिसमें दावा किया गया था कि मामले में आरोपी व्यक्तियों पर मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। खान दो महीने से न्यायिक हिरासत में हैं। उनकी रिहाई के साथ ही आप के सभी नेता जेल से बाहर होंगे ।ईडी का मामला 2016 और 2021 के बीच दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में खान के कार्यकाल के दौरान की गई कथित अनियमितताओं से संबंधित है। केंद्रीय एजेंसी के अनुसार, खान ने बोर्ड में सदस्यों को अवैध रूप से नियुक्त किया था, जिससे सरकारी खजाने को नुकसान हुआ। इसमें आगे आरोप लगाया गया कि खान के एजेंटों द्वारा संपत्तियों में 36 करोड़ रुपये का हेरफेर किया गया। एजेंसी ने पहले भी अदालत को बताया था कि एक आरोपी की डायरी को खान के खिलाफ सबूत के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है।

### पंजाब में निकाय चुनाव को लेकर मतदाता सूची में संशोधन का शेड्यूल जारी

एजेंसी

चंडीगढ़। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पंजाब में नगर निकाय चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। राज्य चुनाव आयोग ने बुधवार को 5 नगर निगमों अमृतसर, जालंधर, लुधियाना, पटियाला, फगवाड़ा और 43 नगर परिषदों व नगर पंचायतों के लिए चुनावी प्रक्रिया शुरू कर दी है। आयोग की तरफ से चुनावों के लिए मतदाता सूचियों में संशोधन का शेड्यूल जारी किया गया हैइस संबंध में जानकारी देते हुए पंजाब राज्य चुनाव आयुक्त राज कमल चौधरी ने बताया कि मतदाता सूची का प्रकाशन 14 नवंबर को किया जाएगा और दावे एवं आपत्तियां 18 नवंबर से 25 नवंबर तक दर्ज की करवाई जा सकेगी।

# कोविड-19 संकट में पहुंचाई थी 70 हजार वैक्सीन

## अब कॉमनवेल्थ ऑफ डोमिनिका पीएम मोदी को देगा अपना सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार

एजेंसी

नई दिल्ली। डोमिनिका प्रधान



मंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि कोविड–19 महामारी के दौरान डोमिनिका में उनके योगदान और दोनों के बीच साझेदारी को मजबूत करने के समर्पण को मान्यता देने के लिए डोमिनिका का राष्ट्रमंडल भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार, डोमिनिका अवार्ड ऑफ ऑनर प्रदान करेगा ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को डोमिनिका राष्ट्रमंडल के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, डोमिनिका अवार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार कोविड–19 महामारी के दौरान डोमिनिका में पीएम मोदी के योगदान को मान्यता देगा। डोमिनिका प्रधान मंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि कोविड–19 महामारी के दौरान डोमिनिका में उनके योगदान और दोनों के बीच साझेदारी को मजबूत करने के समर्पण को मान्यता देने के लिए डोमिनिका का राष्ट्रमंडल भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार, डोमिनिका अवार्ड ऑफ ऑनर प्रदान करेगा।

आपको बता दें कि फरवरी 2021 में भारत ने डोमिनिका को एस्ट्राजेनेका कोविड–19 वैक्सीन की 70,000 खुराक की आपूर्ति की।

19 से 21 नवंबर, 2024 तक जॉर्जटाउन, गुयाना में होने वाले भारत–कैरिकॉम शिखर सम्मेलन में डोमिनिका के राष्ट्रपति सिल्वेनी बर्टन द्वारा पीएम मोदी को यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि डोमिनिका के प्रधान मंत्री रूजवेल्ट स्केरिट ने कहा कि यह पुरस्कार डोमिनिका और व्यापक क्षेत्र के साथ प्रधान मंत्री मोदी की एकजुटता के लिए डोमिनिका की कृ तज्ञता की अभिव्यक्ति है। पीएम मोदी को यह पुरस्कार डोमिनिका की राष्ट्रपति सिल्वेनी बर्टन 19 से 21 नवंबर तक गुयाना के जॉर्जटाउन में होने वाले भारत–कैरिकॉम शिखर सम्मेलन के दौरान देंगी।

### पीएम मोदी को मिल चुके हैं ये सम्मान

–पीएम मोदी को पापुआ न्यू गिनी भी सम्मानित कर चुका है। उन्हें मई 2023 में 'ग्रैंड कम्पेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ लोगोहू' दिया गया था।

–फ्रांस भी पीएम मोदी को अपना सर्वोच्च सम्मान दे चुका है. 13 जुलाई 2023 को फ्रांस ने 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर' से पीएम मोदी को सम्मानित किया था।

–ग्रीस की तरफ से 25 अगस्त 2023 में पीएम मोदी को 'द ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ ऑनर' सम्मान मिला था।

वहीं, पीएम मोदी को बहरीन के किंग ने साल 2019 में 'किंग हमाद ऑर्डर ऑफ द रेनेसां' सम्मान दिया था।

### गजब की डॉक्टरी! बच्चे की बाईं आंख में थी समस्या



एजेंसी

नोएडा । देश की राजधानी दिल्ली से सटे बड़े शहर ग्रेटर नोएडा में डॉक्टरों की लापरवाही का एक ऐसा मामला सामने आया है। दरअसल 7 साल की मासूम बच्ची की दाहिनी आंख में दिक्कत थी, जिसको लेकर परिजन ग्रेटर नोएडा के गामा –1 स्थित आनंद स्पेक्ट्रम हॉस्पिटल गए। जहां डॉक्टर ने ऑपरेशन करने की बात परिजनों से कहीं। परिजन बच्ची के उपचार के लिए तैयार हो गए। डॉक्टर ने ऑपरेशन में करीब 45–50 हजार का खर्च भी बताया। परिजन इस पर भी राजी हो गए ।परिजनों के राजी होने के बाद डॉक्टर ने ऑपरेशन शुरू किया और जब बच्ची का ऑपरेशन हो गया। बच्ची को आराम नहीं मिला तो परिजनों ने देखा कि जिस आंख का ऑपरेशन होना था, उस आंख का तो ऑपरेशन ही नहीं हुआ। यानी तकलीफ बाए आंख में थी और डॉक्टर ने ऑपरेशन दाहिनी आंख का कर दिया। हालांकि इसकी शिकायत जब परिजनों ने पुलिस से की तो पुलिस ने डॉक्टर को थाने में बुलाया। जिसके बाद डॉक्टर ने पुलिस के सामने ही कबूल किया कि उसने ऑपरेशन गलत कर दिया ।हालांकि इस लापरवाही के बाद परिजन काफी ज्यादा गुस्से में है और वह डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## एक–एक घुसपैठिए को चुन कर झारखंड के बाहर भेजेगी भाजपा : अमित शाह

एजेंसी

रांची। शाह ने आरोप लगाया कि जेएमएम सरकार का ध्यान सिर्फ घुसपैठियों को राज्य में घुसाने पर है। ये घुसपैठिए, झारखंड में आते हैं और हमारी बच्चियों से दूसरी, तीसरी, चौथी शादी करते हैं और उनकी जमीन हड़प लेते हैं ।गृह मंत्री अमित शाह ने आज झारखंड के गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। शाह ने कहा कि हमारा झारखंड पूरे देश में सबसे समृद्ध राज्य है, लेकिन दुर्भाग्य देखिए, झारखंड तो समृद्ध है, झारखंडी गरीब हैं। क्योंकि जेएमएम सरकार ने केंद्र सरकार की योजनाओं में भ्रष्टाचार किया है। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से वादा करते हुए कहा कि आप 20 तारीख को कमल के निशान का बटन दबाइए, हम झारखंड में ऐसे कारखाने लगाएंगे, जिससे यहां का युवा दूसरे राज्य में मजदूरी के लिए नहीं जाएगा। जेएमएम सरकार का ध्यान सिर्फ घुसपैठियों को राज्य में घुसाने पर है। ये घुसपैठिए, झारखंड में आते हैं और हमारी बच्चियों से दूसरी, तीसरी, चौथी शादी करते हैं और उनकी जमीन हड़प लेते हैं। झारखंड वालों, यहां कमल की सरकार बना दो, हम आपसे वादा करते हैं, यहां परिंदा भी पर नहीं मार सकेगा। उन्होंने कहा कि श्रडड सरकार के साथ झारखंड में घुसपैठियों का भी समय समाप्त होगा। एक–एक घुसपैठिए को चुन–चुन प्रदेश से बाहर भेजने का काम भाजपा करेगी। भाजपा नेता ने दावा किया कि हम ऐसा कानून लेकर आयेंगे, जिसमें आदिवासी बच्ची के साथ शादी करने से भेंट के माध्यम से आदिवासियों की जमीन आप (घुसपैठिए) हड़प नहीं सकते और जिन्होंने हड़पा है, वो वापस भी करायेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड ने वर्षों तक नक्सलवाद को झेला है।

नक्सलवादियों ने झारखंड को तबाह करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मोदी जी ने झारखंड को 10 साल में नक्सलवाद से मुक्त कराने का काम किया है। छत्तीसगढ़ में जो बचा कुचा नक्सलवाद है, 2026 से पहले हम उसे भी समाप्त करेंगे। हम 2026 तक श्नक्सल मुक्त भारतश बनाएंगे ।अमित शाह ने कहा कि सोनिया जी को अपने बेटे को लांच करने का बड़ा शौक है। सोनिया जी ने 20 बार राहुल नाम का प्लेन लांच किया, लेकिन लैंड ही नहीं होता है। ये प्लेन, 20 बार क्रैश हो चुका है और 21वीं बार भी देवघर एयरपोर्ट पर ये प्लेन क्रैश होने वाला है। उन्होंने कहा कि हाल ही में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ख्रड़गे जी ने कांग्रेस को सलाह दी कि श्वादे उतने ही करो जो पूरे हो सकेंश। कनार्टक, हिमाचल और तेलंगाना में कांग्रेस द्वारा किए गए वादे पूरे नहीं हुए। तो वहीं पीएम नरेंद्र मोदी जो कहते हैं, वो करते हैं, क्योंकि श्मोदी की गारंटीश पत्थर की लकीर होती है ।शाह ने कहा कि राहुल गांधी की पार्टी कांग्रेस (जम्मू–कश्मीर में) धारा 370 वापस लाना चाहती है। कश्मीर भारत का है और इसे हमसे कोई नहीं छीन सकता। जब कांग्रेस सत्ता में थी, तब पाकिस्तान से आतंकवादी हमले अक्सर होते थे। जब पीएम नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक और एयरस्ट्राइक से आतंकवाद का खात्मा किया।



उन्होंने कहा कि झारखंड ने नक्सलवाद झेला है। उन्होंने झारखंड को बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। पीएम मोदी ने झारखंड को नक्सलवाद से मुक्त कराया है। झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान हो चुका है।

## बाबा सिद्दीकी की मौत हुई या नहीं... कंफर्म करने के लिए अस्पताल गया था शूटर

एजेंसी

मुंबई। एनसीपी नेता बाबा



सिद्दीकी की कुछ ही दिनों पहले मुंबई में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्या का आरोप लॉरेंस बिश्नोई गैंग पर लगा है। पुलिस इस केस में लगातार कार्रवाई कर रही है और कई आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

इन सब के बीच बाबा सिद्दीकी की हत्या में शामिल शूटर शिव ने पुलिस के सामने बड़े खुलासे किए हैं। उसने खुलासा किया है कि बाबा सिद्दीकी हत्याकांड को अंजाम देने के बाद वह उनकी मौत पर अपडेट लेने के लिए अस्पताल भी गया था ।आरोपी ने किया बड़ा खुलासाबाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामले में शूटर शिवकुमार गौतम फिलहाल मुंबई पुलिस की हिरासत में है। उससे पूछताछ के दौरान पुलिस को कई बातें साफ होती नजर आ रही हैं। पूछताछ के बीच शिवकुमार गौतम ने मुंबई पुलिस को बताया की हत्या के बाद वह वहां से चला गया और अपना शर्ट बदलकर दोबारा घटनास्थल पर पहुंचा था। यहां उसे कोई जानकारी नहीं मिल पा रही थी। इसके बाद उसने ऑटो लिया और सीधा लीलावती अस्पताल भी पहुंचा था। आरोपी को वारदात की जगह पर कोई खबर नहीं मिल पा रही थी। इसलिए वह अपडेट पता करने अस्पताल पहुंचा था ।ट्रेन से गांव निकल गया था आरोपीशूटर शिवकुमार गौतम ने पुलिस को यह भी बताया कि किस प्रकार से घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर एक खाली कार के अंदर उसने अपना हथियार वाला बैग रखा था। अस्पताल से मौत की खबर मिलने के बाद आरोपी कुर्ला गया और कुर्ला से ठाणे। वहां से वह पुणे गया और फिर उत्तर प्रदेश की ट्रेन पड़कर गांव निकल गया।

## पराली से निपटने के लिए पंजाब ने केंद्र के समक्ष रखा प्रस्ताव

एजेंसी

चंडीगढ़। पराली निस्तारण की दिशा में पंजाब सरकार ने केंद्र के समक्ष एक अहम प्रस्ताव रखा है। पंजाब ने उत्तर भारत के राज्यों में बायोमास पावर प्रोजेक्ट लगाने के लिए कहा है।

इन बायोमास पावर प्रोजेक्ट के लिए पंजाब ने राज्यों को सब्सिडी देने की मांग भी की है। प्रति मेगावॉट अगर पांच करोड़ की सब्सिडी मिलती है तो राज्य सरकारें बायोमास पावर प्रोजेक्ट्स के जरिये पराली के निस्तारण की दिशा में अहम कदम उठा सकती हैं।

इस सुझाव को अगर एक्शन प्लान के रूप में उतारा जाता है तो इससे पराली निस्तारण में बड़े स्तर पर मदद मिलेगी।

यह प्रस्ताव नई दिल्ली में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में हुई बैठक में रखा गया।

# योगी आदित्यनाथ का आरोप

## झारखंड को नक्सलवाद की तरफ धकेलना चाहती है कांग्रेस, जेंएमएम और आरजेडी

एजेंसी

लखनऊ। कांग्रेस और झामुमो



पर वार करते हुए योगी ने कहा कि वे बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को झारखंड में आने दे रहे हैं और भूमि और लव जिहाद का कारण बन रहे हैं। हमें इस घुसपैठ को रोकना है ।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपना नारा बटेंगे तो कटेंगे, एक है तो सेफ है६ दोहराया। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ झामुमो के नेतृत्व वाला गठबंधन बांग्लादेशी घुसपैठियों और अवैध रोहिंग्या प्रवासियों को यहां बसने की अनुमति देकर झारखंड के अस्तित्व के लिए खतरा पैदा कर रहा है। योगी ने कहा कि यह नया भारत है। देश में सुरक्षा का माहौल है। चाहे कांग्रेस हो, राजद हो या झामुमो, ये सभी आपको लूटने के लिए आये हैं। कांग्रेस और झामुमो पर वार करते हुए योगी ने कहा कि वे बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को झारखंड में आने दे रहे हैं और भूमि और लव जिहाद का कारण बन रहे हैं। हमें इस घुसपैठ को रोकना है। उन्होंने कहा कि आपने देखा होगा कि 2017 में हमारी सरकार बनने से पहले उत्तर प्रदेश में क्या हुआ था। डबल इंजन सरकार बनने के बाद, उत्तर प्रदेश में अब कोई दंगे या कर्फ्यू नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, राजद और झामुमो, ये लुटेरों के सरदार वामपंथियों को सिर पर उठाकर झारखण्ड को पूरी तरह नक्सलवाद का गढ़ बनाने पर उतारू हैं। झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 43 सीट के लिए बुधवार को 1.37 करोड़ मतदाताओं में से 66.18 प्रतिशत से अधिक लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 15,334 मतदान केन्द्रों में से लगभग आधे मतदान केन्द्रों के संवेदनशील श्रेणी में होने के बावजूद नक्सली हिंसा की कोई खबर नहीं आई, सिवाय एक दो घटनाओं के जिनमें माओवादियों ने पश्चिमी सिंहभूम जिले में मतदाताओं को मतदान केन्द्रों तक पहुंचने से रोकने की कोशिश की। लेकिन पुलिस और प्रशासन ने इन प्रयासों को विफल कर दिया।

# दिल्ली में प्रदूषण पर सुप्रीम सुनवाई 18 नवंबर को

## याचिकाकर्ता ने कहा– लोग गंभीर स्थिति में

एजेंसी

नई दिल्ली । प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ने के कारण राजधानी में धुंध की चादर छाई हुई है। सीरीफोर्ट इलाके में एक्यूआई 438 दर्ज किया गया है, जिसे सीपीसीबी के मुताबिक श्गंभीरश श्रेणी में रखा गया है।

दिल्ली में बढ़ रहे प्रदूषण को लेकर दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 18 नवंबर को सुनवाई होगी। वरिष्ठ अधिवक्ता और न्याय मित्र अपराजिता सिंह की ओर से दायर याचिका पर गौर करते हुए न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। याचिका में वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह ने पीठ से कहा कि कल से लोग गंभीर स्थिति में हैं। इससे बचने के लिए अदालत ने सरकार और वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को एहतियाती कदम उठाने को कहा है। उन्होंने कुछ नहीं किया। उन्होंने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को इस बारे में सूचित कर दिया है और उन्हें यह बताना चाहिए कि क्या कदम उठाए जा रहे हैं?दिल्ली समेत एनसीआर में एक्यूआई खतरनाक स्तर परप्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ने के कारण राजधानी में धुंध की चादर छाई हुई है। सीरीफोर्ट इलाके में एक्यूआई 438 दर्ज किया गया है, जिसे सीपीसीबी के मुताबिक श्गंभीरश श्रेणी में रखा गया है। विशेषज्ञ बताते हैं कि जिस तरह से उत्तर भारत में पराली जलाने के मामले दिख रहे हैं, उसके हिसाब से फिलवक्त इसमें बड़े पैमाने पर कमी आने का अंदेशा नहीं है। राजधानी के कई हिस्सों में वायु गुणवत्ता श्गंभीरश श्रेणी में पहुंच गई है, जिससे अक्षरधाम मंदिर और आस–पास के इलाकों में धुंध की मोटी परत छा गई है। 11 नवंबर को दिल्ली पुलिस को लगाई थी फटकारसुप्रीम कोर्ट ने पटाखों पर प्रतिबंध के उसके आदेश को गंभीरता से न लेने पर 11 नवंबर को दिल्ली पुलिस को कड़ी फटकार लगाई थी। कोर्ट ने कहा था कि ऐसा माना जाता है कि कोई भी धर्म किसी



भी ऐसी गतिविधि को बढ़ावा नहीं देता, जो प्रदूषण को बढ़ाती है या लोगों की सेहत को नुकसान पहुंचाती है ।जस्टिस अभय एस ओक और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की सदस्यता वाली पीठ ने कहा कि अगर पटाखे इसी तरह से फोड़े जाते रहे तो इससे नागरिकों का सेहत का मौलिक अधिकार प्रभावित होगा।

# फर्जी आईडी से बैंक खाते खुलवाने के मामले में ईडी की एंट्री

एजेंसी

नई दिल्ली । भारतीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)ने कथित वोट जिहाद मामले के तहत महाराष्ट्र और गुजरात में 24 स्थानों पर छापेमारी की है। यह मामला मुख्य रूप से फर्जी दस्तावेजों और नकली ,यड्घष्ट के माध्यम से बड़े पैमाने पर बैंक खाते खोलने से जुड़ा हुआ है। ईडी के सूत्रों के मुताबिक ये छापेमारी विशेष रूप से वित्तीय धोखाधड़ी और अवैध तरीके से बड़ी संख्या में बैंक खाते खोलने के मामले में की जा रही है ।ईडी की जांच में पाया गया है कि कथित रूप से फर्जी दस्तावेजों और नकली ,यड्घष्ट के जरिए कई बैंक खातों को खोला गया। यह आरोप लगाया जा रहा है कि इन खातों का उपयोग वोट जिहाद के उद्देश्य से किया गया जिससे चुनावों में धोखाधड़ी की कोशिश की जा रही थी। ऐसे मामलों में बैंकिंग प्रणाली का दुरुपयोग कर जन प्रतिनिधित्व और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया गया था ।ईडी के सूत्रों ने बताया कि छापेमारी महाराष्ट्र और गुजरात के कई प्रमुख स्थानों पर चल रही है। अहमदाबाद में 13 स्थानों पर, सूरत में 3 जगहों पर, मालेगाव में 2 जगहों पर, नासिक में एक स्थान पर और मुंबई में 5 स्थानों पर एक साथ छापे मारे जा रहे हैं। छापेमारी के दौरान विभिन्न दस्तावेज और सबूत इक–ट्ठे किए गए हैं जो जांच की दिशा में अहम हो सकते हैं ।अपराध की गंभीरता और जांच की आगे की प्रक्रियाइस मामले को लेकर जांच एजेंसी ने साफ किया है कि मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए सभी पहलुओं की जांच की जाएगी। जिन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है उन्हें जांच में शामिल किया जाएगा। इसके अलावा इस प्रकार की धोखाधड़ी को रोकने के लिए बैंकिंग और अन्य वित्तीय संस्थानों से कड़ी निगरानी की उम्मीद जताई जा रही है। ये मामला भारतीय लोकतंत्र में




चुनावी प्रक्रिया और बैंकिंग तंत्र से जुड़ी गंभीर चिंताओंको उजागर करता है।

## चुनाव आयोग की टीम ने गोवा के सीएम प्रमोद सावंत का बैग किया चेक

एजेंसी

सतारा । चुनावी राज्य महाराष्ट्र में चुनाव आयोग द्वारा गुरुवार को सतारा में गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत के बैग की चेकिंग की गई ।महाराष्ट्र चुनाव को निष्पक्ष रूप से पूरा कराने के लिए चुनाव आयोग पूरी तरह सक्रिय है। आयोग की टीम बड़े नेताओं पर भी नजर बनाए हुए है।

उनके सामानों की जांच भी की जा रही है। इसी सिलसिले में गुरुवार को सतारा में गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत के बैग की जांच की गई। वो पार्टी के पक्ष में चुनावी अभियान में भाग लेने के लिए गुरुवार को महाराष्ट्र आए। इस दौरान सतारा जिले के कराड एयरपोर्ट पर चुनाव आयोग की टीम ने उनके सामान की तलाशी ली ।बता दें कि इससे पहले शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के अध्यक्ष एवं महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के हेलीकॉप्टर की चुनाव आयोग की टीम ने तलाशी ली थी। आयोग ने दो बार उद्धव ठाकरे के सामान की तलाशी ली थी, जिस पर काफी राजनीतिक बवाल भी मचा था ।सोमवार को यवतमाल जिले में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे का बैग चेक किया गया था। इसके बाद से कई तरह की राजनीतिक प्रतिक्रियाएं सामने आनी शुरू हो गई थीं।

अभी ये मामला थमा भी नहीं था कि मंगलवार को चुनाव आयोग की टीम ने एक बार फिर उनके हेलीकॉप्टर की चेकिंग की गई।

# आरक्षण व्यवस्था से भारतीय प्रतिभा का पलायन हो रहा है - पूज्य श्री प्रेमभूषण जी महाराज



ब्यूरो प्रमुख
विश्व प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। देश की लगभग 20: प्रतिभा हर साल विदेश चली जा रही है। आरक्षण की व्यवस्था से घबड़ा कर विदेश जाने वाले बच्चे वहां की व्यवस्था की ही बड़ाई करते हैं। आरक्षण की व्यवस्था में योग्य व्यक्ति को मौका न देकर अयोग्य व्यक्ति को योग्य होने का सर्टिफिकेट दिया जाता है। उक्त बाते बीआरपी इंटर कॉलेज मैदान में चल रही श्री राम कथा में गुरुवार को भक्तों को संबोधित करते हुए पूज्य प्रेमभूषण जी महाराज ने व्यासपीठ से कथा वाचन करते हुए कहीं। प्रेममूर्ति पूज्य प्रेमभूषण जी महाराज ने सुप्रसिद्ध समाजसेवी ज्ञान प्रकाश सिंह के पावन संकल्प से आयोजित सप्त दिवसीय रामकथा के पांचवे दिन व्यासपीठ से भगवान की वन प्रदेश की मंगल यात्रा से जुड़े प्रसंगों का वर्णन करते हुए कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था या अन्य सामाजिक व्यवस्था में आरक्षण की व्यवस्था प्रतिभा सम्पन्न बच्चों में रोग फैला रही है।पूज्य श्री ने कहा कि आजादी के बाद से ही देश के साधु संतों का अपमान होता आया है। पिछले एक दशक से यह स्थिति बदली है। भारत भूमि धर्म की भूमि है, तीर्थों की भूमि है, ऋषि मुनियों की भूमि है, धर्मशील आचरण करने वाले महापुरुषों की भूमि है, साधु संतों की भूमि है। राघवजी की कृपा से देश को धर्मशील प्रशासक मिला है तो सनातन धर्म की बाधा मिट रही है। पूज्यश्री ने कहा कि राम और रावण की एक ही राशि थी। रावण ने ब्राह्मण कुल में जन्म लिया था और भगवान राम क्षत्रिय कुल में जन्मे थे। कुल तो रावण का श्रेष्ठ था लेकिन, जब हम दोनों के व्यवहार की बात करते हैं, आचरण की बात करते हैं, आहार और विहार की बात करते हैं तो राम जी हर मामले में रावण से श्रेष्ठ थे। राम जी और रावण दोनों शिवजी की पूजा करते हैं लेकिन एक की पूजा संसार के लोगों को संताप देने के लिए तो दूसरे की पूजा संसार को शांति प्रदान करने के लिए है। समाज में आम लोग श्रेष्ठ के ही आचरण का अनुकरण और अनुसरण करते हैं ऐसे में सभी श्रेष्ठ व्यक्तियों के लिए यह आवश्यक है कि वह अपने आचार, व्यवहार, आहार में श्रेष्ठता का प्रदर्शन करें, जिनका अनुकरण किया जा सके। भारतीय सनातन संस्कृति में यह बार–बार प्रमाणित हुआ है कि जो भी व्यक्ति धर्म पथ पर चलते हुए संसार में विचरण करते हैं, उनके घर से दुख भी दूरी बना कर रहता है और ऐश्वर्य स्वयं चलकर उनके घर पहुंचते हैं। पूज्यश्री नें कहा कि महर्षि बाल्मीकि की यह शिक्षा मनुष्य को हमेशा याद रखने की आवश्यकता है कि भगवत प्रसाद का रस अपने आप प्राप्त नहीं होता है। इसके लिए प्रयास करना ही पड़ता है। जिस मनुष्य को इस प्रसाद का रस लग जाता है उसकी सभी कर्मेंद्रियां अपने आप भगवान में लग जाती हैं। और ऐसे ही मनुष्य का जीवन धन्यता को प्राप्त होता है। इस आयोजन के मुख्य यजमान ज्ञान प्रकाश सिंह जी ने सपरिवार व्यास पीठ का पूजन किया और भगवान की आरती उतारी।

# छात्राओं को उनके अधिकार बताकर किया जागरूक



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। थाना जानकीपुरम क्षेत्र के अंतर्गत मिशन शक्ति अभियान फेज–5 के अंतर्गत आज दिनाँक 15/11/2024 शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, अधिकारों और उन्हें उपलब्ध सेवाओं व साइबर फ्राड व साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर म0उ0नि0 शिवानी वर्मा व अन्य कर्मचारी गण द्वारा क्षेत्र में कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं और छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग करना, सुरक्षा के लिए उपलब्ध सरकारी योजनाओं और यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सेवाओं की जानकारी देना था। इस दौरान महिला सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की गईं, जैसे कि 1090 महिला हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा और महिला पावर लाइन जैसी सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया गया।कार्यक्रम में बताया गया कि यूपी पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए विभिन्न सेवाओं को क्रियाशील किया गया है, जिनमें महिला हेल्पलाइन, स्मार्ट सिटी कैमरे, और फील्ड पुलिस पेट्रोलिंग जैसे उपाय शामिल हैं। मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्हें आत्मरक्षा और सरकारी योजनाओं के लाभ उठाने के तरीकों पर शिक्षित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान, सुरक्षा और समानता को बढ़ावा देना है।

# पंजाबी संगठनों के प्रतिनिधियों ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से उनके आवास पर भेंट की



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। 'सतगुरू नानक प्रगट्या, मिली धुंध जग चानन होया।' ऐसे महान संत, समाज सुधारक और सिख पंथ के महान मार्गदर्शक गुरु नानक जी की 555वीं जयंती पर आज कई प्रमुख सिख तथा पंजाबी संगठनों के प्रतिनिधियों ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से उनके आवास पर भेंट की।अखिलेश यादव ने उन्हें पावन पर्व पर शुभकामनाएं दी तथा प्रकाश पर्व की बधाई दी।

अखिलेश यादव ने गुरु नानक के प्रकाश पर्व पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि नानक जी ने मानवता को परमात्मा की उपासना के साथ सेवा का अप्रतिम मार्ग भी सुझाया। उन्होंने गुरु ग्रंथ साहब में सिख गुरुओं के उपदेशों के अलावा 30 अन्य संतों और मुस्लिम भक्तों की वाणी भी संकलित की। इनमें कबीर, रविदास, नामदेव, धन्ना और शेख फरीद की वाणी भी है। गुरू नानक जी ने सामाजिक बुराईयों का भी विरोध किया।

गुरू के पावन पर्व पर अखिलेश यादव से सनातनी पंजाबी महासभा के कार्यवाहक अध्यक्ष पवन मनोचा, उ0प्र0 सिख विचार मंच के अध्यक्ष गुरजीत छाबड़ा, महामंत्री कपिल अरोड़ा, उपाध्यक्ष अमृत पाल सिंह, कैण्ट परिक्षेत्र युवा व्यापार मंडल चेयरमैन मनमोहन सिंह, महामंत्री कुश अरोड़ा, महामंत्री रूबल सिंह, संगठनमंत्री सागर कोहली, फखरूल हसन चांद प्रवक्ता समाजवादी पार्टी, हरप्रीत सिंह, हरदीप सिंह राशू, ओपी सिंह, प्रवजीत नंदा, लखजीत सिंह रिंकू, सुधीर मेहरोत्रा आदि ने भेंट की।

# जीरो कार्बन के लक्ष्य के लिए एएमए हर्बल ने फैशन डिजाइनर्स और बुनकरों के साथ मिलाया हाथ

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। नेचुरल कलर बनाने का विश्व स्तरीय ब्रांड एएमए हर्बल अब जीरो कार्बन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तेजी कदम उठाने शुरू कर दिए है । इसी कड़ी में जगह–जगह वह फैशन डिजाइनर्स के साथ मिलकर प्राकृतिक रंगों पर आधारित थीम पर फैशन शोज आयोजित करने में मदद कर रहा है। जिसमें प्रदर्शित सभी परिधानों में नेचुरल कलर का उपयोग किया गया है। इसी कड़ी में हाल ही में ग्लोबल फैशन फेस्टिवल 2024 में एएमए हर्बल प्राइवेट लिमिटेड ने एक अनूठे फैशन की प्रस्तुति दी, जिसमें शामिल होने वाले लोगों को कपड़ों की प्राकृतिक रंगाई के बारे जानकारी साथ ही नेचुरल डाइंग के विभिन्न तरीकों और इसके उपयोग के फायदों के बारे में बताया गया। एएमए हर्बल के को–फाउंडर और सीईओ यावर अली शाह ने कहा, हम वर्षों से नेचुरल डाई पर काम कर रहे हैं, हमारा उद्देश्य है कि हम जल्दी से जल्दी खासतौर से कपड़ा उद्योग को जीरो कार्बन के लक्ष्य की प्राप्ति में एक बड़े साझेदार के रूप में शामिल रहें। हमारा लक्ष्य है कि हम ऐसे फैशन को बढ़ावा दें जो पर्यावरण के अनुकूल हो। इस तरह के इंवेट के माध्यम से, हम फैशन डिजाइनिंग के जुड़े पेशेवरों को प्राकृतिक रंगों के उपयोग के महत्व से अवगत कराना चाहते थे। हमें गर्व है कि हमारे रंगों से बने कपड़े फैशन की दुनिया में एक नया ट्रेंड सेट कर रहे हैं।अदिति ने हमारे रंगों से इतने सुंदर डिजाइन तैयार किए हैं कि जिसे देख कर सभी ने कहा, हमें ये चाहिए। श्री शाह ने यह भी बताया कि एएमए हर्बल का मकसद ऐसे फैशन को बढ़ावा देना है जो पर्यावरण को नुकसान न पहुंचाए और स्थायी हो। उन्होंने कहा जीरो कार्बन को लक्ष्य को प्राप्त करने में सभी को मिलकर काम करने की जरूरत है। एएमए हर्बल नेचुरल डाई का उत्पादक है। लेकिन इसके प्रयोग का बढ़ावा तभी मिलेगा।

जब टेक्सटाइल इंडस्ट्री से जुड़े इसके प्रयोग को बढ़ावा देंगे। इसी के लिए एएमए हर्बल स्थापित फैशन डिजाइनर्स, फैशन डिजाइनिंग के विद्यार्थियों और बुनकरों को नेचुरल रंगों से कपड़े की डाइंग के तरीकों और प्रयोग के बारे में जानकारी दे रहा है। शो में फैशन डिजाइनर अदिति जग्गी रस्तोगी ने एएमए हर्बल के प्राकृतिक रंगों से बने परिधानों को अपने कलेक्शन में शामिल किया, जो दर्शकों के बीच एक खास आकर्षण का केंद्र बन गए। अदिति के डिजाइन ने न केवल शो की सुंदरता बढ़ाई, बल्कि पर्यावरण की सुरक्षा का संदेश भी दिया।

# कलत्रम क्रिएशंस की नए शोरूम का महानगर में भव्य उद्घाटन



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। कलत्रम क्रिएशंस जो गारमेंट्स की इंडस्ट्री में लखनऊ शहर में एक जाना पहचाना नाम है ने अपने नए शोरूम का उद्घाटन आज दिनांक 15 नवंबर 2024 को गोल मार्केट महानगर चौराहे पर किया। शोरूम का अनावरण परम पूज्य अनंत श्री विभूषित महामंडलेश्वर स्वामी अभयानंद सरस्वती द्वारा किया गया इस अवसर पर शिव शंकर अवस्थी अध्यक्ष ब्राह्मण परिवार लखनऊ वरुण तिवारी एमडी त्रिवेणी अलमीरा एवं अंजनी पांडे राष्ट्रीय अध्यक्ष संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल भी उपलब्ध थे। कलत्रम क्रिएशंस के डायरेक्टर गौरव द्विवेदी के अनुसार शादी विवाह के इस सीजन में इस नए शोरूम के माध्यम से हम अपने ग्राहकों के और निकट पहुंच जाएंगे और शूटिंग शर्टिंग एवं कस्टम टेलरिंग के क्षेत्र में आपको सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध कराएंगे। इस शोरूम को मिलाकर गौरव द्विवेदी कलत्रम और दूल्हा घर के नाम से चार शोरूम का लखनऊ में सफल संचालन कर रहे हैं।

# जिला अस्पताल में डांस मामले का डिप्टी सीएम ने लिया संज्ञान, जांच के दिए आदेश



वाराणसी, संवाददाता। वाराणसी जिला अस्पताल में डांस मामले में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने जांच के आदेश दिए हैं। दीनदयाल उपाध्याय जिला अस्पताल में स्टाफ नर्सों के साथ कर्मचारियों के ठुमके लगाने का एक–दो नहीं बल्कि चार वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। मामला सुर्खियों में आने के बाद प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ने इसका संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश दिए। इसे लेकर उप मुख्यमंत्री ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट भी किया है। जिला अस्पताल, वाराणसी में स्टाफ नर्स एवं कर्मचारियों द्वारा चिकित्सालय की गरिमा धूमिल करने संबंधी वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए मेरे द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी, वाराणसी को उक्त प्रकरण की जाँचकर कार्यवाही करते हुए एक सप्ताह में रिपोर्ट प्रेषित करने के आदेश दिये गये है।

**डयूटी के समय का ड्रेस पहनकर खूब लगाए ठुमके**

वायरल वीडियो में इसमें डयूटी के समय का ड्रेस पहने स्टाफ नर्स और अपने गले में जिला अस्पताल का पहचान पत्र लटकाए कर्मचारी हिंदी गीतों के साथ ही भोजपुरी गीतों पर खूब ठुमके लगाते नजर आ रहे हैं। स्टाफ नर्स के प्रमोशन की इस पार्टी में सीएमएस से लेकर अन्य अधिकारी, चिकित्सक भी मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि जिला अस्पताल में चार स्टाफ नर्स का प्रमोशन दीपावली से कुछ दिन पहले ही हुआ था। इसकी खुशी में अस्पताल में दीपावली से ठीक पहले प्रमोशन की पार्टी रखी गई। अस्पताल के सेमिनार हाल में हुई पार्टी का जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें एक वीडियो में सेमिनार हाल में अस्पताल के सीएमएस डॉ. दिग्विजय सिंह, एमएस डा. प्रेमप्रकाश सहित अन्य डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ बैठे हैं। इस वीडियो में गाना गाया जा रहा है लेकिन इसके बाद जो हुआ, उसका वीडियो देख हर कोई हैरान है। चार वीडियो में हिंदी, भोजपुरी गीतों पर स्टाफ नर्सों के साथ कुछ वरिष्ठ कर्मचारी इस तरह ठुमके लगा रहे हैं, जैसे कि वह अस्पताल नहीं बल्कि किसी शादी समारोह या बाहर कहीं मैरेज हाल या अन्य जगह पर हो। वायरल वीडियो की जानकारी अस्पताल प्रशासन को हुई तो अधिकारी हैरान हैं।

# जिले में तेजी सें फलफूल रहा है कच्ची शराब बनाने का कारोबार

अयोध्या। आबकारी विभाग व पुलिस की मिली भगत से जिले के अधिकतर थाना क्षेत्रो में कच्ची शराब बनाने का सिलसिला जोरो से चल रहा है।इसमे शामिल कारोबारियो पर आबकारी विभाग व स्थानीय पुलिस अंकुश लगाने मे असफल दिखाई दे रहा है।बताते चले कि जिले के अधिकतर थाना क्षेत्रों में कच्ची शराब बनाने के लिए भट्टिया सुबह से ही धधकने लगती है जो देर शाम तक चलती है।यह बात एक दिन की ही नहीं बल्कि प्रतिदिन की बनी हुई है।क्योंकि कच्ची शराब को बनाने वाले कारोबारियो स्थानीय पुलिस तथा आबकारी कर्मियों का कोई खौफ नहीं दिखाई दे रहा है। लोगो की माने तो यह कच्ची शराब बनाने का कारोबार इन्हीं के रहमों करम पर चल रहा है।इधर शायद ही कोई ऐसा दिन हो यहां तक कि पिछले कई महीनों से आबकारी व स्थानीय पुलिस ने इन लोगो के खिलाफ अभियान नही चलाया है। यहाँ तक कि पूरी दीपावली भी बीत गई जिले के किसी भी थाना क्षेत्र में आबकारी विभाग ने स्थानीय पुलिस की सहायता से कहीं पर अवैध रूप से निर्मित कच्ची शराब तथा इसमें शामिल अवैध रूप से कारोबारी को गिरफ्तार नहीं किया।देखा जाये तो जिले में इस समय अवैध रूप से कच्ची शराब का बनना बंद हो गया हो।क्योंकि शहर सें ग्रामीण इलाकों तक यह अवैध कारोबार जोरशोर से चल रहा है। कुछ लोगो ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कोतवाली नगर क्षेत्र में ही कई ऐसे इलाके है जहां पर आबकारी विभाग के साथ–साथ कोतवाली नगर पुलिस की मिली से शहर में अवैध रूप से कच्ची शराब का कारोबार चल रहा है। बताते चले जब से जिला आबकारी अधिकारी जितेंद्र सिंह काफी दिनों के लिए अवकाश पर चले गए हैं और आबकारी विभाग कार्यालय की माने तो वह दिसंबर के बाद अगले वर्ष जनवरी मे छुट्टी से वापस लौटेंगे। मामला चाहे जो भी हो आबकारी विभाग व पुलिस की सहायता से अवैध रूप से संचालित कच्ची शराब पर अंकुश लगाने में निष्क्रिय ही दिखाई दे रहा है।देखा जाए तो कोतवाली नगर क्षेत्र के ही कई ऐसे इलाके जिसके बगल पुलिस चौकी भी स्थित है वहां पर धड़ल्ले से अवैध रूप से पुलिस आबकारी विभाग के कर्मियों के सह पर कच्ची शराब का कारोबार तेजी से चल रहा है।इसी तरह थाना कैंट मे रेतिया, सरयू नदी का कछार, सहादतगंज, गुप्तार घाट कई ऐसे इलाके हैं जहां पर जोर–जोर से कच्ची शराब बनने का कारोबार चल रहा है।जिले के थाना महाराजगंज, रौनाही, रुदौली, थाना गोसाईगंज, थाना बीकापुर, थाना तारुन, थाना हैदरगंज सहित कई थाने हैं जहां पर यह कारोबार आबकारी विभाग व पुलिस विभाग की मिली भगत से तेजी से फल फूल रहा है।जिस पर अंकुश लगाने में आबकारी विभाग व पुलिस निष्क्रिय दिखाई दे रही है। देखा जाए तो इधर एक साल से आबकारी विभाग इन पर शिकंजा कसते नजर नहीं आ रहा है।जबकि दो–तीन साल पहले आए दिन आबकारी विभाग पुलिस की सहायता से भारी मात्रा में लहान व कच्ची शराब बरामद कर भट्टियों को तोड़ता ही था और इससे शामिल आरोपियों पर स्थानीय थानों पर मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भी भेजा जाता था। परंतु अब इस तरह का अभियान आबकारी विभाग द्वारा स्थानीय पुलिस की मदद से नहीं चलाया जा रहा है।

# गोरखपुर में जुटेंगे देश भर के खिलाड़ी

गोरखपुर, संवाददाता। 68वीं अंडर–14 राष्ट्रीय विद्यालयीय कुश्ती (फ्री स्टाइल) प्रतियोगिता 2024–25 का आयोजन 16 से 20 नवंबर तक वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में होगा। इसकी तैयारी अंतिम चरण में है। देश के सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की टीमें जुटनी शुरू हो जाएंगी। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) की ओर से पहली बार गोरखपुर में यह आयोजन होने जा रहा है। इसमें 45 टीमों के लगभग 450 से अधिक बालक व बालिका दांव आजमाएंगे। इनके अलावा करीब 200 ऑफिशियल्स भी जुटेंगे। फ्री स्टाइल की इस प्रतियोगिता में दो मैट पर 14 वर्षीय बालक–बालिका खिलाड़ी बड़े मंच से अपना दमखम दिखाएंगे। प्रतियोगिता के लिए आने वाले सभी खिलाड़ियों की स्टेडियम के आसपास के होटलों में ठहरने की व्यवस्था की जा चुकी है।

प्रतियोगिता के सभी मैच वीर बहादुर सिंह स्पोटर्स कॉलेज में खेले जाएंगे, जिसमें देश के सभी बोर्ड में पढ़ने वाले विद्यार्थी खेलेंगे। इनमें स्टेट के साथ ही सीबीएसई, सीआइएससीई व विकास भारती के विद्यार्थी शामिल हैं। पहली बार हो रहे आयोजन को भव्य बनाने को लेकर तैयारियां जारी हैं। बृहस्पतिवार से टीमों का आगमन शुरू हो जाएगा। बालक–बालिका प्रतिभागियों के ठहरने के लिए शहर के प्रमुख होटल आरक्षित कर दिए गए हैं।

# नमो घाट पर पर्यटकों को रिझा रहा 75 फीट का नमस्ते

वाराणसी, संवाददाता। उदयागामी भगवान भास्कर का अभिवादन करता नमो घाट का 75 फीट ऊंचा नमस्ते स्कल्पचर पर्यटकों को लुभा रहा है। देव दीपावली के अवसर पर उपराष्ट्रपति नमो घाट को जनता को समर्पित करेंगे। सुबह–ए–बनारस का लुत्फ अब पर्यटक विश्व स्तरीय सुविधाओं वाले खुबसूरत नमो घाट से भी ले सकेंगे।

**देव दीपावली पर होगा नमो घाट का उद्घाटन**

अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं वाला नमो घाट बन कर तैयार हो गया है। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का 15 नवंबर को नमो घाट का औपचारिक उद्घाटन करना प्रस्तावित है। इस मौके पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी भी मौजूद रहेंगे।

**पहला घाट होगा जहां उतारा जा सकेगा हेलीकॉप्टर**

नमो घाट काशी के घाटों की श्रृंखला में जुड़ गया है। यह वाराणसी के पहले मॉडल घाट के रूप में जुड़ा है। इसका विस्तार नमो घाट से आदिकेशव घाट (लगभग 1.5 किलोमीटर) तक हुआ है। घाट की बनावट और अंतरराष्ट्रीय सुविधा के साथ नमस्ते का स्कल्पचर पर्यटकों को आकर्षित कर रहा है। जल, थल और नभ से जुड़ने वाला यह पहला घाट होगा, जहां हेलीकॉप्टर भी उतारा जा सकता है। नमो घाट पर फ्लोटिंग सीएनजी स्टेशन, ओपन एयर थियेटर, कुंड, फ्लोटिंग जेटी पर बाथिंग कुंड तथा चेंजिंग रूम का भी निर्माण हुआ है। योग स्थल, वाटर स्पोर्ट्स, चिल्ड्रन प्ले एरिया, कैफेटेरिया के अलावा कई अन्य सुविधाएं हैं। यह वाराणसी का पहला घाट है, जो दिव्यांगजनों के अनुकूल बनाया गया है। नमो घाट का पुनर्निर्माण दो फेजों मे किया गया है। इसका निर्माण 81,000 स्क्वायर मीटर में 91.06 करोड़ से किया गया है। इस परियोजना को स्मार्ट सिटी मिशन तथा इंडियन ऑयल फाउंडेशन द्वारा मिल कर वित्तपोषित किया गया है।

**नमो घाट के पुनर्विकास में दिया गया मेक इन इंडिया का विशेष ध्यान**

वाराणसी के मंडलायुक्त और स्मार्ट सिटी के अध्यक्ष कौशल राज शर्मा ने बताया कि नमो घाट के पुनर्विकास में मेक इन इंडिया का विशेष ध्यान दिया गया है। इस घाट पर वोकल फॉर लोकल भी दिखेगा। भविष्य में लोग यहां वाटर एडवेंचर स्पोर्ट्स और हेली टूरिज्म का भी लुत्फ ले सकेंगे। सेहतमंद रहने के लिए मॉर्निंग वाक, व्यायाम और योग कर सकेंगे। दिव्यांगजन और बुजुर्गों के लिए मां गंगा के चरणों तक रैंप बना है।

**पर्यटकों के लिए हैं ये सुविधाएं**

ओपेन थियेटर, लाइब्रेरी, लाउंज, बाथिंग कुंड, बनारसी खान–पान के लिए फूड कोर्ट और मल्टीपर्पज प्लेटफार्म है। यहां हेलीकाप्टर उतरने के साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन व क्राउड मैनेजमेंट में भी काम आ सकता है। जेटी से बोट द्वारा श्री काशी विश्वनाथ धाम और गंगा आरती देखने जा सकेंगे। गंगा को प्रदूषण मुक्त करने के लिए सीएनजी से चलने वाली नाव के लिए देश का पहला फ्लोटिंग सीएनजी स्टेशन भी नमो घाट पर बना है।

इसके अलावा अन्य गाड़ियों के लिए भी यहां अलग से सीएनजी स्टेशन है। नमो घाट से क्रूज के जरिए पास के अन्य शहरों का भ्रमण किया जा सकता है। मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने बताया कि फेज वन में बने बड़े नमस्ते स्कल्पचर की ऊंचाई करीब 25 फीट और छोटे की 15 फीट है, जबकि फेज टू में मेटल का बना नमस्ते स्कल्पचर करीब 75 फीट ऊंचा है। यह भारत की स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में अमृत महोत्सव में लगवाया गया है। इस नमो नमः स्कल्पचर की वजह से इसका नाम, नमो घाट पड़ गया है। नमो घाट पर खास कुंड बना है। घाट के किनारे हरियाली के लिए और मिट्टी का कटान न हो, इसके लिए पौधरोपण किया गया है। आस्था की डुबकी लगाने के लिए अन्य घाटों की तरह पक्का घाट बना है। यहां सीढ़ियों के साथ ही रैंप भी बनाया गया है। यहां बाथिंग जेटी भी लगाई गई है।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने अपने 106 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हॉल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

लखनऊ। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने अपने 106 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हॉल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सूर्य पाल गंगवार, जिलाधिकारी लखनऊ उत्तर प्रदेश ने प्रतिभागिता की। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के अंचल प्रमुख राजेश कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत कर उन्हे मंच को संबोधित करने का आमंत्रण दिया। अपने सम्बोधन में जिलाधिकारी ने बैंकों का विगत कुछ वर्षों में देश के आर्थिक उन्नयन में महत्व पर प्रकाश डाला साथ ही सरकार की अन्य कई सामाजिक महत्व वाली योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। जिलाधिकारी का धन्यवाद करते हुये अंचल प्रमुख राजेश कुमार ने बैंक के स्टाफ सदस्यों तथा सम्मानित ग्राहकों को संबोधित किया तथा यूनियन बैंक के साथ सदैव बने रहने और भविष्य में भी सेवा करने का अवसर देते रहने हेतु अभिवादन और धन्यवाद किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित ग्राहकजनों को यूनियन बैंक के स्थापना से लेकर अभी तक के स्वर्णिम कीर्तियों से संक्षेप में अवगत कराया। अंचल प्रमुख ने ग्राहक सेवा की प्रतिबद्धता को पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करने हेतु अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई। उक्त कार्यक्रम में कई जाने–माने गायकों ने अपनी प्रस्तुति से समस्त मौजूद ग्राहकों एवं स्टाफ सदस्यों का भरपूर मनोरंजन किया ।

# देव दीपावली पर यातायात की स्मार्ट व्यवस्था

वाराणसी, संवाददाता। वाराणसी में देव दीपावली के मद्देनजर यातायात व्यवस्था को लेकर इस बार नई व्यवस्था की गई है। गोदौलिया मार्ग की ओर जाने वाले वाहनों को रोके जाने के लिए वाहन पार्किंग बनाई गई है इसके साथ ही अन्य वाहन पार्किंग में भी वाहनों को खड़ा करने की व्यवस्था है। इस बार विशेष व्यवस्था के तहत क्यूआर कोड भी लाया गया है जिसमें आने वाले पर्यटकों को वाहन पार्किंग खोजने की दिक्कत नहीं हो इसके लिए इंतजाम किए गए हैं।

**परेशान होते थे पर्यटक**

बताते चलें कि पिछले कई साल से वाराणसी में आने वाले पर्यटक वाहन को लेकर आते थे और पूछताछ में समय गंवाते थे कई बार गलत जगह वाहन को खड़ा करने से यातायात की अव्यवस्था पैदा हो जाती थी। इस बार तकनीक का सहारा लेकर यातायात पुलिस काशी आने वाले भक्तों को सुविधा प्रदान कर रही है जिससे अब उन्हें लोकेशन को खोजने में परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा और क्यूआर कोड स्कैन करते ही नजदीक की वाहन पार्किंग को जान सकेंगे। इस प्रयास से वाहन स्वामियों को भटकना नहीं पड़ेगा।

सान्ध्य हिन्दी दैनिक देश की उपासना

स्वात्वाधिकारी में. प्रभुदयाल प्रकाशन की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव
मो0 – 7007415808, 9628325542, 9415034002
RNI NO - UPHIN/2022/86937
Email - deshkiupasanadailynews@gmail.com

समाचार–पत्र से संबधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायालय होगा।